हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 11 मार्च, 2022/20 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[जल शक्ति मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 54

मिनी सचिवालय

***5061 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार तहसील नगरोटा सूरियां की उप-तहसील कोटला में मिनी सचिवालय के भवन का निर्माण करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ख) इसके लिए धनराशि का प्रावधान कब तक कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

भवनों का ब्यौरा

***5062 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक कृषि विभाग बिलासपुर के अन्तर्गत कहां-कहां भवनों का निर्माण हुआ है; कौन-कौन से भवन उपयोग में लाए जा रहे हैं व कौन से भवन उपयोग में नहीं लाए जा रहे हैं; कारण सहित ब्यौरा दें;

(ख) श्री नैना देवीजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत छकोह व गलुआ कार्यालय को

उपयोग में क्यों नहीं लाया जा रहा है इन्हें उपयोग में लाने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ग) यह सत्य है कि जुखाला के आवासीय भवनों की जर्जर स्थिति बनी हुई है; और

(घ) अनुपयोगी भवनों के सुधार की क्या योजना है तथा इन्हें कब तक उपयोग में लाया जाएगा?

भवन निर्माण

***5063 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने शिक्षण संस्थान ऐसे हैं जिनके पास अपने भवन नहीं हैं तथा सरकार द्वारा इनके भवन कब तक बना दिए जाएंगे; ब्यौरा संस्थानवार दें?

सेब का रस संयंत्र

***5064 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) परवाणू में सेब का रस संयंत्र कब स्थापित किया गया तथा इस संयंत्र की कितनी क्षमता है; गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक कितना Apple Juice concentrate तैयार किया गया और किसको कितने मूल्य पर बेचा गया; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि इस संयंत्र के आधुनिकीकरण और अपग्रेड करने के लिए बागवानी विश्व बैंक परियोजना के अन्तर्गत धनराशि स्वीकृत की गई है; यदि हां, तो इस कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है?

Stray Animal

***5065 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that what steps have been taken by the Government to make Hamirpur Stray Animal free District?

सहायक बाल विकास परियोजना अधिकारी

***5066 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में सहायक बाल विकास परियोजना अधिकारियों के कितने पद स्वीकृत हैं; और

(ख) इन स्वीकृत पदों में से कितने पद भरे गए हैं व कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***5067 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हैं; इनमें प्रधानाचार्यों व प्रवक्ताओं के कितने पद कब से रिक्त हैं; सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

प्रोजैक्ट हेतु भूमि क्रय

***5068 श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक भारत सरकार के उपकरणों द्वारा पावर प्रोजैक्ट्स एवं हाइड्रो प्रोजैक्ट्स हेतु प्रदेश के किन-किन जिलों में निजी भूमि क्रय की गई;

(ख) क्या यह भूमि सरकार द्वारा तय की गई वृत्त दरों पर खरीदी गई; वर्षवार, जिलावार व मूल्यवार ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार द्वारा निजी हाइड्रो और सोलर पावर कॉर्पोरेशन को प्रोजैक्ट्स स्थापित करने के लिए सरकारी भूमि लीज़ पर दी गई है; यदि हां, तो कितनी भूमि किस जिले में किस दर पर दी गई; वर्षवार, जिलावार व मूल्यवार ब्यौरा दें?

पद्मश्री कैलाश चन्द महाजन 2 मैगावाट प्रोजैक्ट

***5069 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पद्मश्री कैलाश चन्द महाजन दो मैगावाट प्रोजैक्ट साल दो पावर हाउस बालू चम्बा दिनांक 10.03.2015 को क्षतिग्रस्त हो गया था; यदि हां, तो सरकार इसकी मरम्मत हेतु क्या पग उठा रही है तथा इसे पुनः कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें;

(ख) सरकार इस पावर हाउस को स्वयं चलाने के पक्ष में है या किसी प्राइवेट कम्पनी के माध्यम से चलाने के पक्ष में है; ब्यौरा दें; और

(ग) इसके बन्द होने से सरकार को कितना नुकसान प्रतिवर्ष हो रहा है; ब्यौरा दें?

पशु डिस्पेंसरियां

***5070 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किन-किन नई ग्राम पंचायतों में पशु डिस्पेंसरियां बननी प्रस्तावित हैं; सरकार द्वारा क्या नई पंचायतों में पशु डिस्पेंसरियां बनाने का कोई प्रावधान किया गया है; यदि हां, तो इन पशु डिस्पेंसरियों के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है?

भवनों का शिलान्यास

***5071 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पाठशालाओं के भवनों का शिलान्यास हुआ; इनके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; इनका निर्माण कार्य कब प्रारम्भ हुआ व कितना प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है; ब्यौरा कार्य की अद्यतन स्थिति सहित दें?

गौशाला

***5072 श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) ज्वालामुखी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बन रही गौशाला के निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय हो चुकी है;

(ख) किस विभाग ने इसका एस्टीमेट एवं नक्शा बनाया तथा कौन सा विभाग इसे बनवा रहा है;

(ग) किन-किन ठेकेदारों को यह कार्य आबंटित किया गया; धनराशिवार व ठेकेदारों के नाम सहित ब्यौरा दें; और

(घ) इस कार्य का सिंगल टेंडर क्यों नहीं लगाया गया; कारण सहित ब्यौरा दें?

पानी की गुणवत्ता

***5073 श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जल शक्ति विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पानी के कनेक्शन दिए जा रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो जल शक्ति विभाग ने पानी की गुणवत्ता और मात्रा की सस्टेनेबिलिटी के बारे में शोध कार्य किया है; और

(ग) फतेहपुर के अन्तर्गत भूमिगत जल की मात्रा हेतु सर्वेक्षण करवाया गया है; यदि नहीं, तो सरकार इस कार्य को कब तक करवाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

गौ-सदन

***5074 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश तथा जिला बिलासपुर में कितने गौ-सदन / गौ-अभ्यारण्य चलाए जा रहे हैं; ब्यौरा संचालनकर्ता व संस्थाओं के नामवार दें;

(ख) जिला बिलासपुर के प्रत्येक गौ-सदन / गौ-अभ्यारण्य में रखे गये पशुओं की संख्या कितनी है; सरकार / गौ संरक्षण आयोग द्वारा प्रत्येक पशु को किस दर से धनराशि प्रदान

की गई; क्या इस धनराशि का वितरण समयानुसार हुआ; और

(ग) गौ-अभ्यारण्य गेहढ़वीं (चटयाल बल्ह) के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है?

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

*5075 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) नगर पंचायत भोटा में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट किस वर्ष स्वीकृत हुआ; इसके निर्माण हेतु भूमि का चयन व अधिग्रहण कर लिया गया है; यदि हां, तो सूचना सभा पटल पर रखें; यदि नहीं, तो कारण;

(ख) नगर पंचायत भोटा में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की सीवरेज लाइन कितने वार्डों में बिछा दी गई है व कितनी शेष है; और

(ग) सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है; यदि नहीं, तो कारण तथा इस कार्य को कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा?

ट्रांसफार्मर

*5076 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत मंडल थलौट में बिजली की नई 2 व 3 फेज़ लाइन बिछाने / बदलने व ट्रांसफार्मर लगाने हेतु कितने कार्य व योजनाएं ऐसी हैं जो निर्धारित समय से ज्यादा समय ले रही हैं; सरकार द्वारा ठेकेदारों के विरुद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई जा रही है; ब्यौरा योजनावार व ठेकेदार के नाम सहित दें?

घनैटा कूहल निर्माण

*5077 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) नगरोटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत घनैटा कूहल का निर्माण कार्य कब आरम्भ किया गया; इसके निर्माण हेतु प्रशासनिक व तकनीकी अनुमोदन धनराशि कब जारी की गई थी तथा कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी; ब्यौरा दें; और

(ख) घनैटा कूहल का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है; यदि हां, तो इससे किन-किन क्षेत्रों की सिंचाई की जा रही है; पंचायतवार ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

प्रदेश टी बोर्ड

*5078 **श्री आशीष बुटेल (पालमपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या प्रदेश में प्रदेश टी बोर्ड का गठन किया गया है; यदि हां, तो अधिसूचना व सदस्यों का ब्यौरा सभा पटल पर रखें;

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक हिमाचल प्रदेश टी बोर्ड की कितनी बैठकें आयोजित हुईं; बैठकों की कार्यवाही सभा पटल पर रखें; और

(ग) क्या चाय उद्योगों का मशीनीकरण करने हेतु उद्योग मालिकों एवं चाय बागानों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा सब्सिडी प्रदान की जा रही है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

विकासात्मक कार्य

*5079 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक जल शक्ति विभाग के विभिन्न मण्डलों में कौन-कौन से कार्य कितनी-कितनी लागत के बिना तकनीकी स्वीकृति (Technical Sanction) के किए गए; कार्यों का ब्यौरा लागत सहित मण्डलवार दें?

पदपूर्ति

*5080 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पशु पालन विभाग के अस्पतालों व औषधालयों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद कब से रिक्त पड़े हैं; सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

PGT (IP) Posts

***5081 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many PGT (IP) Lecturer computer service posts are there in the State;

(b) how many posts are filled-up and how many are lying vacant;

(c) are the PGT (IP) appointed on regular basis or through Outsource; and

(d) what steps the Government is taking to appoint Lecturer Computer Service both in School and College Cadre; details be given?

उचित मूल्य की दुकानें

***5082 श्री विशाल नैहरिया (धर्मशाला):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार हिमाचल प्रदेश नागरिक आपूर्ति की उचित मूल्य की दुकानें बंद करने जा रही है; यदि हां, तो उचित मूल्य की दुकानों के दायरे में आने वाले ऐसे उपभोक्ताओं को किस माध्यम से राशन उपलब्ध करवाया जाएगा; ब्यौरा दें?

Maize Production

***5083 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) what is the production of Maize in Himachal Pradesh; Block-wise details be given; has the Government made any decision to procure it through creating Procurement Centers; and

(b) is the Government aware that there is no Industry which produces corn based salage plant, which is being imported from neighbouring States of Haryana and Punjab or establish any Industry based upon maize; details be given?

मिनी सचिवालय

***5084 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निरमंड में मिनी सचिवालय के भवन का निर्माण करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

एल0आई0एस0 गिरी नदी

***5085 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पंचायत ब्लोग के लिए एल0आई0एस0 गिरी नदी से हरिजन बस्ती डुब्बलु का निर्माण कार्य होना प्रस्तावित है; और

(ख) यदि हां, तो इस योजना के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है व इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

मुख्य मन्त्री कन्यादान/शगुन योजना

***5086 श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत वर्ष दिनांक 31.1.2022 तक जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने लाभार्थियों को मुख्य मंत्री कन्यादान तथा मुख्य मंत्री शगुन योजना के अन्तर्गत धनराशि प्रदान की गई; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें?

पदोन्नति कोटा

***5087 श्री विक्रमादित्य सिंह (शिमला ग्रामीण):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से पर्यवेक्षक हेतु पदोन्नति कोटा 80% से बढ़ाकर 90% कर दिया है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार कितने कार्यकर्ताओं को लाभ देने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

Inspection Hut

***5088 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state that by when the adequate staff will be made available in newly constructed IPH inspection hut at Mamligh and Circuit House at Chamba Ghat, Solan?

Complaints Against Depot Holder

***5089 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Food, Civil Supplies and Consumer Affairs Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that there are several complaints against the depot holder of Manal in Bhajon Panchayat of Paonta Block; details be given;

(b) what action has the Department taken, reports of enquiry done by the Department and the action taken by the Department be given; and

(c) is it a fact that District Food Committee headed by DC Sirmour had proposed to take action against the said depot holder; if so, what action was taken; if no action was taken, will the Department take action against the enquiry Officer?

उचित मूल्य की दुकानें

***5090 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला बिलासपुर में कितनी उचित मूल्य की दुकानें सहकारी व निजी क्षेत्रों में चल रही हैं, इनमें से कितनी दुकानें विभागीय/सहकारी संस्था के भवनों में व कितनी निजी भवनों में संचालित की जा रही हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) इन भवनों में से कितने भवन जर्जर हालत में हैं तथा इन भवनों का निर्माण कब हुआ था; निर्माण के बाद आज तक इनमें से कितने भवनों की मरम्मत करवाई गई व उन पर कितना व्यय किस मद से किया गया; ब्यौरा दें?

पंचायत चौकीदार

*5091 **श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पंचायतों में सेवाएं दे रहे पंचायत चौकीदारों को नियमित करने हेतु सरकार नीति बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

महाविद्यालय बरोटीवाला

*5092 **श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत महाविद्यालय बरोटीवाला का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

शुक्का हार सिंचाई परियोजना

*5093 **श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) ज्वाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत शुक्का हार सिंचाई परियोजना के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) इस परियोजना से कितने हैक्टेयर भूमि सिंचित होगी; और

(ग) इससे कितनी पंचायतों के किसान परिवार लाभान्वित होंगे; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***5094 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार ज़िला बिलासपुर के सदर व श्री नैना देवीजी कृषि विकास खण्ड में रिक्त पदों को भरने हेतु क्या पग उठा रही है?

सैनिक अकेडमी

***5095 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट की निर्माणाधीन सैनिक अकेडमी हेतु सरकार द्वारा कितनी धनराशि स्वीकृत व व्यय की गई तथा इस अकेडमी में किस प्रकार की कोचिंग प्रदान की जानी प्रस्तावित है; ब्यौरा धनराशि सहित दें?

नौतोड़ मामले

***5096 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला शिमला में ऐसे कितने नौतोड़ (Landless) के मामले स्वीकृत हैं जिनका आज तक इंतकाल या पट्टा जारी नहीं हुआ है; लम्बित मामलों का ब्यौरा प्रार्थी के नाम, पते एवं तहसीलवार दें; और

(ख) सरकार इन सभी लम्बित मामलों की नीति बनाकर निपटारा करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

Compensation Under Natural Calamity

***5097 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, how much compensation under natural calamity ex-gratia grant has been released in the State; and

(b) death due to sting insects (Bees) does also falls under this category; details be given?

आरक्षण

***5098 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि दिनांक 22.11.2012 को माननीय उच्च न्यायालय शिमला ने केस नंबर सी0डब्ल्यू0पी0 4872 निर्णय के अन्तर्गत प्रधान सचिव (पर्सनल), हिमाचल प्रदेश सरकार और एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी पालमपुर को निर्देश दिए थे कि ओ0बी0सी0 कैटेगरी को अगले सत्र से वांछित ओ0बी0सी0 कैटेगरी का आरक्षण प्रदान किया जाए परन्तु चालू सत्र में केवल एक ही सीट पर आरक्षण दिया गया; माननीय न्यायालय के आदेशों का पालन कब तक कर दिया जाएगा?

सीमेंट आपूर्ति

***5099 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जनजातीय क्षेत्र पांगी-भरमौर में लोक निर्माण विभाग तथा जल शक्ति विभाग में सीमेंट की सप्लाई सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन के माध्यम से की जाती है; समय पर उपलब्धता और किस्म में सुधार करने हेतु क्या सरकार इन दोनों विभागों को पूर्व की भान्ति अपने स्तर पर सीमेंट खरीदने के लिए अनुमति प्रदान करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

डाइट सरू

***5100 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक डाइट सरू में विभिन्न कार्यों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई तथा कितनी व्यय की गई; ब्यौरा दें;

(ख) किन एजेंसियों के माध्यम से ये कार्य किए गए हैं; ब्यौरा दें;

(ग) इस धनराशि को किन-किन कार्यों में व कौन से माध्यम से व्यय किया गया; और

(घ) क्या इन कार्यों के लिए विज्ञापन दिए गए; यदि हां, तो उनकी प्रतियां सभा पटल पर रखें; यदि नहीं, तो कारण?

वोल्टेज समस्या

***5101 श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) विद्युत विभाग द्वारा फतेहपुर हेतु वोल्टेज ऑग्मेंटेशन (Voltage augmentation) की कोई योजना बनाई गई है; यदि हां, तो योजना का ब्यौरा दें; और

(ख) यदि नहीं, तो सरकार रियाली, स्थाना, खटियाड़, रे, पूहग, लुठीयाल, दियाणा, टटवाली, पोलियां, समलेट, हटली, तलाड़ा, नगाल, सुनहारा, कुपल तथा मछोट पंचायतों में लॉ वोल्टेज की समस्या को दूर करने हेतु क्या पग उठा रही है?

पशु गणना

***5102 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) आई0एन0ए0पी0एच0 के अन्तर्गत कितने पशु पंजीकृत किए गए; गत वर्ष दिनांक 01.02.2022 तक एन0ए0आई0पी0 के अन्तर्गत वीर्यरोपण द्वारा कितने गाय/बैल पैदा हुए; वीर्य (Semen) किस गुणवत्ता का उपलब्ध करवाया गया; अब तक कितने गाय के बच्चे पैदा हुए व इन बच्चों को विभाग द्वारा क्या सुविधा प्रदान की जा रही है;

(ख) प्रदेश में पशु गणना कब हुई व कितनी शेष है; यदि पशु गणना नहीं हुई, तो इसे कब तक मान्यता दी जाएगी; और

(ग) पशु पालन विभाग में कितने टैबलेट्स पशु गणना के लिए खरीदे गए; उनमें से कितने खराब हुए; क्या विभाग में कार्यरत अधिकारियों को ऑनलाइन कार्य हेतु टेलीफोन शुल्क दिया जा रहा है; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

*5103 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पशु औषधालयों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; और

(ख) सरकार पंचायत पशु सहायकों को गृह जिला में नियुक्ति प्रदान करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

गृह निर्माण अनुदान

*5104 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा गृह निर्माण अनुदान दिए जाने हेतु क्या मापदंड निर्धारित किए गए हैं; और

(ख) यदि किसी व्यक्ति द्वारा गृह निर्माण हेतु आवेदन करने के बीच उसका मकान गिर या क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में किसी अप्रिय घटना से बचने हेतु मजबूरी में ऋण आदि लेकर गृह निर्माण कर लिया जाता है तो क्या उसके लिए अनुदान स्वीकृत किया जाता है; यदि नहीं, तो ऐसे गरीब परिवारों की सहायता हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

प्रोत्साहन राशि

*5105 **श्री आशीष बुटेल (पालमपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक सरकार ने पंचायतों को बी0पी0एल0 परिवार रहित होने पर प्रोत्साहन धनराशि देने की अधिसूचना जारी की है; यदि हां, तो अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) वर्तमान में प्रदेश की कितनी पंचायतें बी0पी0एल0 परिवार रहित हैं; जिलावार ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार द्वारा पंचायतों को दी गई प्रोत्साहन धनराशि का पंचायतवार ब्यौरा दें?

नकेड़ खड्ड की चैनेलाइजेशन

***5106 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि ज्वालामुखी में नकेड़ खड्ड के तटीयकरण के अन्तर्गत सौर कलां से ध्वाला तक नकेड़ खड्ड का तटीयकरण करने का प्रावधान किया गया है;

(ख) सरकार द्वारा इस कार्य के लिए कब व कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा दें; और

(ग) इस कार्य हेतु निविदाएं कब आमंत्रित की गई व तटीयकरण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

डी0पी0ई0 के पद

***5107 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कितनी ऐसी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं हैं जिनमें डी0पी0ई0 के पद सृजित नहीं हैं; भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम फिट इंडिया मूवमेंट तथा अन्य खेल गतिविधियों की व्यवस्था को चलाने हेतु सरकार इन रिक्त पदों पर डी0पी0ई0 के पदों को स्वीकृति देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

Show Cause Notice

***5108 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that a show cause notice was issued by Higher Education to the then Principal, Government Senior Secondary School Banikhet vide show cause Notice No EDN-HE(25)B(15)-IV-700/2020 dated 15.07.2021 for misuse of students funds (SMC funds); and

(b) if so, what action has been taken in this case?

मानदेय वृद्धि

*5109 **श्री विशाल नैहरिया (धर्मशाला):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार जल रक्षकों को कितना मानदेय प्रदान कर रही है; सरकार जल रक्षकों का मानदेय बढ़ाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

Private Schools

*5110 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many private schools are running in Shimla and what is the strength of students in each class of each school;

(b) what is the fee structure of each school; provide details of each school and also the ownership of each school; and

(c) provide details of the playgrounds in each school with its size and dimensions?

संयुक्त कार्यालय

*5111 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार निथर में संयुक्त कार्यालय स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक इसका निर्माण कार्य आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

*5112 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गत वर्ष से विकास खण्ड मशोबरा के भवन का निर्माण कार्य बन्द पड़ा है; यदि हां, तो कारण सहित ब्यौरा दें;

(ख) इस भवन के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत व व्यय हुई; और

(ग) इस भवन के निर्माण का कार्य किस ठेकेदार को आबंटित किया गया है; ब्यौरा दें?

Shortage of Fertilizer

***5113 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that there is acute Shortage of Fertilizer in the State; if so, reason for it;

(b) what is the rate fixed for various category of fertilizer in the State; details be given; and

(c) how much fertilizer has been processed by the State during the year 2021-22; details be given?

मिट्टी तेल वितरण

***5114 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि उचित मूल्य की दुकानों पर मिट्टी के तेल का वितरण हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक परिवार को किस अनुपात में और कितना लीटर तेल दिया जाता है; और

(ग) क्या सरकार मिट्टी के तेल की आपूर्ति की मात्रा को बढ़ाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें ?

यशपाल शर्मा,
सचिव।